प्रादेशिक समाचार
02.05.2024 (दोपहर–1455 बजे)

कोडरमा की एनडीए प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने आज गिरिडीह के उपायुक्त सह कोडरमा के निर्वाची पदाधिकारी नमन प्रियेस लकड़ा के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन दाखिल करते समय एनडीए प्रत्याशी और केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी के साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, विधायक नीरा यादव, विधायक केदार हाजरा और पूर्व आईजी लक्ष्मण सिंह समेत कई नेता उपस्थित थे। नामांकन के बाद गिरिडीह में एक चुनावी सभा भी हुई जिसमें उत्तरप्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शामिल हुए।

**********************

रांची लोकसभा सीट से एनडीए के प्रत्याशी संजय सेठ आज अपना नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन से पूर्व रांची के मोरहाबादी मैदान में एनडीए की ओर से एक चुनावी सभा का भी आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देश पर साठ साल तक शासन करने वालों ने आजादी की पहली लड़ाई लड़ने वाले आदिवासियों की कोई सुध नहीं ली। झारखंड और उत्तराखंड दोनों ही राज्यों में 70 फीसदी से अधिक वन संपदा है। इनके संपूर्ण विकास के लिए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इन्हें राज्य का दर्जा दिलाया।

**********************

हजारीबाग जिले के बरही में पदस्थापित भूमि सुधार उपसमाहर्ता के वाहन में आग गई। घटना में उनका वाहन पूरी तरह से जलकर राख हो गई। बताया जाता है कि उपसमाहर्ता खुद वाहन चला रहे थे। गनीमत रही कि गाड़ी से धुआं उठते ही भूमि सुधार उपसमाहर्ता वाहन से बाहर निकल आए, वर्ना एक बड़ा हादसा हो सकता था। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिंघानी फ्लाईओवर के समीप हुई। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची मुफ्फसिल थाने की पुलिस ने अग्निशमन विभाग की मदद से आग पर काबू पाया।

**********************

प्रवर्तन निदेशालय, ईडी की अदालत ने बड़गाई अंचल के आठ एकड़ छियालिस डिसमिल जमीन घोटाला मामले में शामिल राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी है। इससे पूर्व जेल में बंद हेमंत सोरेन को गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश किया गया। पेशी के बाद अदालत ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद, अंतु तिर्की समेत कुल आठ लोगों की हिरासत अवधि आठ मई से सोलह मई तक के लिए बढ़ा दी। अगली पेशी 16 मई को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जाएगी।

**********************

धनबाद के बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में कार्यरत 37 आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने आज काम बंद कर दिया है। इस कारण विश्वविद्यालय में कार्यालय का काम प्रभावित हो गया है। कर्मचारियों की मांग है कि उन्हें अग्रिम नहीं, बल्कि पूरे वेतन का भुगतान किया जाए। इन कर्मचारियों को पिछले छह माह से वेतन बकाया है। इस संबंध में बीबीएमकेयू के कुलसचिव को दिए पत्र में कर्मचारियों ने कहा कि विश्वविद्यालय से बार–बार आग्रह किए जाने के बावजूद उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं की गई, सभी कर्मचारी अब काम करने में असमर्थ हैं।

**********************

दुमका लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए चुनाव 1 जून को होना है। इसे लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गयी हैं।

**********************

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अभियान चला रही रामगढ़ जिले की पुलिस ने तीन वांछित अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार ने अपने कार्यालय में एक सवांददाता सम्मेलन के माध्यम से बताया कि उनके द्वारा एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया गया था। इस क्रम में खलारी से पतरातू की ओर आ रही एक काले नीले रंग की मोटरसाइकिल पर सवार तीन व्यक्ति पुलिस बल को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। इन्हें दौड़ाकर पकड़ा गया। तीनों के पास से एक देशी कट्टा, एक देसी पिस्टल, 315 एमएम का दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

********समाप्त*********